एमसीएल में राजभाषा पखवाड़ा-2021 का उद्घाटन समारोह सम्पन्न

“हिंदी हमारे राष्ट्र की बिन्दी है।” - श्री पी.के. सिन्हा

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 14 सितम्बर,2021 को श्री पी.के. सिन्हा, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक,एमसीएल की अध्यक्षता में हिंदी दिवस एवं राजभाषा पखवाड़ा-2021 का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में श्री बबन सिंह, निदेशक (तकनीकी/ योजना/परियोजना), एमसीएल बतौर सम्मानित अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित हुए । इनके अलावा मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण एवं विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण समारोह में शामिल हुए।

अध्यक्ष महोदय ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हिंदी हमारे राष्ट्र की बिन्दी है। हिंदी हमारे देश की जनसंख्या का लगभग 66 प्रतिशत लोगों के बोलचाल की भाषा है। हम जिस क्षेत्र में हैं उस क्षेत्र में हमें दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी के प्रति लोगों में आत्म विश्वास जगाने की कोशिश करें। हिंदी में बात करना एवं काम करना बहुत ही सरल है। हिंदी की संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है तथा हमें गर्व के साथ इसे अपनाना है। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि हर संभव हिंदी का प्रचार-प्रसार करें। तकनीकी शब्दों का रूपान्तर करने का प्रयास करें ताकि हिंदी को बढ़ावा मिल सके।

श्री बबन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के तहत हिंदी संघ की राजभाषा है, जिसकी लिपि देवनागरी है। आगे उन्होंने कहा कि जैसे एक ही प्रकार के पक्षियों की भाषा एक होती है उसी प्रकार पूरे राष्ट्र की भाषा भी एक होनी चाहिए। वैज्ञानिक शोध की भाषा अंग्रेजी है जिसे हिंदी में में किया जाना आवश्यक है क्योंकि इससे तकनीकी लेखों को बढ़ावा मिलेगा। देश की एकता एवं अखंडता के लिए हिंदी आवश्यक है। हिंदी एक वैज्ञानिक एवं भावपूर्ण भाषा है जिसका हमें अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार करना चाहिए। देश की सभी भाषाओं से प्रेम करना सराहनीय है परंतु उसमें एक भाषा हिंदी भी जुड़ जाए तो कोई हानि न होगी। हिन्दी हमारी अपनी और भारतीय संस्कृति से जुड़ी हुई भाषा है।

इसी प्रकार श्री नीरज कल्ला, महाप्रबंधक (पर्यावरण), श्री मिहीर चंद्रा, महाप्रबंधक(सामग्री प्रबंधन) ने हिंदी दिवस की महत्ता एवं उपयोगिता पर दृष्टिपात किया। श्री जावेद जब्बार, उप महाप्रबंधक/ निदेशक(कार्मिक) के तकनीकी सचिव ने कविता के माध्यम से हिंदी की प्रयोजनमूलकता पर अनूठी छाप छोड़ी, जो निश्चित रूप से हिंदी भाषा के सम्मान में एक भावपूर्ण अभिव्यक्ति थी।

इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय द्वारा राजभाषा शपथ पाठ कराया गया। माननीय गृहमंत्री, कोयला मंत्री, भारत सरकार एवं अध्यक्ष महोदय, कोल इंडिया लिमिटेड के संदेश का वाचन किया गया तथा पखवाड़े के दौरान होनेवाली प्रतियोगिताओं एवं अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

***

Coal India
Northern Coalfields Limited
CMD NCL

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
हिंदी दिवस
एवं

MCL
KRISHNASHILA
NSC
JHINGURDAH
CWS
NCL HQ
POLYCOM RealPresence Collaboration Server 1800